# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 93 / कु0स0का0 / 2021–22 दिनांक: 22/02/2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

महोदय / महोदया,

जैसा कि विदित है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की स्थापना की जा चुकी है, जिसके क्षेत्राधिकार में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली जनपद सम्मिलित है।

उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि उक्त जनपदों में स्थित सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2021–22 के प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर द्वितीय सेमेस्टर एवं वार्षिक प्रणाली के आधार पर प्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्रों की परीक्षा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। अग्रेत्तर यह भी सूच्य है कि उक्त सम्बद्ध महाविद्यालयों से सम्बन्धित समस्त कार्यवाहियां इस विश्वविद्यालय द्वारा ही सम्पादित की जायेगी।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट msuniversity.ac.in क्रियाशील है। अतः विश्वविद्यालय से सम्बन्धित समस्त सूचनायें उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी एवं किसी भी प्रकार के पत्राचार के लिए ई–मेल आई0डी0 registrar@msuniversity.ac.in का प्रयोग किया जा सकता है।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ :–

01- कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
02- वित्त अधिकारी।
03- कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ

कुलसचिव